सहायता

आप **पीड़ित सहायता स्कॉटलैंड** (VSS), एक स्वैच्छिक संगठन जो अपराघ से प्रभाववत लोगों को उपयोगी और भावनात्मक सहायता प्रदान करता है, से भी संपक्क कर सकते हैं। टेलीफोन:

0845 60 39 213 कायाकलय कायककाल के दौरान

0845 30 30 900 शाम और सपताहांत के दौरान

www.victimsupportsco.org.uk

VIA आपको दूसरे संगठनों के भी संपकक में रख सकता है।

अधिक जानकारी

यदि आप अधिक जानकारी चाहते हैं या कोई बात है जिस से आप असंतुष्ट हैं तो कृप्या संलग्न पत्र में दिए टेलीफोन नंबर पर अपने स्थानिय VIA कार्यालय से संपर्क करें। वैकल्पिक रूप से हमारे पूछताछ केन्द्र में निम्न टेलीफोन द्वारा संपर्क करें

01389 739557 या 0844 5613000

या हमारे वेबसाइट www.copfs.gov.uk पर जाएँ

पिड़ित और अभियोजन के गवाहों से हमारी प्रतिबद्धता

हम यह करेंगे:

1. सदैव आपको सम्मान देंगे एंव ध्यानपूर्वक सेवा प्रदान करेंगे
2. आप के साथ स्पष्टता और प्रभावी ढंग से संवाद करेंगे
3. जिस समय आपको आवश्यक्ता होगी उस समय आपको जानकारी प्रदान करेंगे
4. आपके मामले को जितनी जल्दी संभव होगा उतनी जल्दी निपटाया जाएगा
5. आपको अदालत में सबूत देने के लिए केवल तब कहेंगे जब इसकी आवश्यकता हो
6. यदि आपकी पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है तो सुनिश्चित करेंगे कि आप हमारे साथ संवाद कर सकें
7. यदि आपको कोई अतिरिक्त सहायता कि आवश्यकता है, तो हम इस बात का सुनिश्चित तौर पर ध्यान रखेंगे
8. आप पर अपराध के प्रभाव के बारे में न्यायाधीश को जानकारी देंगे
9. इस बारे में आप को सलाह देंगे कि आप कैसे अपने खर्च के दावे को दर्ज कर सकते है और इसका जितना जल्दी संभव हो निपटारा कर सकते हैं
10. अपनी जरूरत की सेवाओं को प्राप्त करने में आप की मदद के लिए अन्य एजेंसियों के साथ काम करेंगे।

पीड़ित जानकारी और सलाह
क्राउन ऑफिस और प्रोक्युरेटर फिस्कल सर्विस का एक भाग है।

© क्राउन कॉपीराइट 2008

APS समूह स्कॉटलैंड DPPAS12578 03/12

VIA Victim Information and Advice

हम आपकी सहायता कैसे कर सकता है

यदि आप इस दसतावेज़ को किसी दूसरे भाषा, बड़े प्रिंट, ऑडियो, ब्रेल या अन्य रूप में चाहते हैं तो कृप्या VIA से संपर्क करें। आर एन आई डी टेक्स्ट रिले प्रीफिक्स 18001 द्वारा आने वाले सभी फोन का हम स्वागत करते हैं।

हम आपकी सहायता कैसे कर सकता है

जानकारी एंव सलाह

यदि आप अपराध से पीड़ित हैं, तो आप आपराधिक न्याय प्रणाली के संपर्क में आ सकते हैं।

जब आप अपराध की शारीरिक और भावनात्मक प्रभाव का भी सामना कर रहे हैं, तो यह तनावपूर्ण और भ्रामक हो सकता है।

पिड़ित जानकारी और सलाह (VIA) क्राउन ऑफिस और प्रोक्युरेटर फिस्कल सर्विस का एक भाग है। प्रोक्यूरेटर फिस्कल स्कॉटलैंड में अपराध की जांच और अभियोग के लिए जिम्मेदार है।

VIA कर्मचारी अभियोजन पक्ष नहीं हैं। हमारा काम पीड़ित, गवाह, और अचानक, अप्रत्याशित या अपराध से संबंधित मौतों के कुछ मामलों में, निकटतम रिश्तेदारों की सहायता करना भी है।

"मैं ने आप की सेवा और कर्मचारीगण को हर समय बहुत मददगार पाया, विशेष रूप से तब जब हमारे कानून प्रणाली का मुझे कोई पिछला अनुभव नहीं था"

VIA क्या सहायता कर सकता है

VIA आपकी सहायता ऐसे कर सकता है:

- आपराधिक न्याय प्रणाली कैसे काम करता है और आप क्या उम्मीद कर सकते हैं इस के बारे में जानकारी और सलाह प्रदान करना
- आप के मामले की प्रगति पर आप को अद्यतन (नवीनीकृत) रखना
- उन संगठनों के संपर्क में रहने में आप की मदद करने में जो आप को व्यावहारिक और भावनात्मक सहायता पेश कर सकते हैं
- अगर मुकदमा सुनवाई के लिए जाता है तो अदालत में सबूत पेश करने या उपस्थित होने में आप की मदद के लिए क्या क्या सहायता उपलब्ध हो सकती है इस पर चर्चा करने में

अगर किसी भी बिंदु पर आप VIS की सहायता नहीं चाहते हैं, तो हमें बस बता दें। यदि इसके बाद आप अपना मन बदल देते हैं, तो कृप्या हमसे संपर्क करें।

हम किसकी मदद कर सकते हैं

VIA उन अपराधों से पीड़ित लोगों और गवाहों की मदद करता है जिनके बारे में प्रोक्युरेटर फिस्कल को सूचित किया गया है, जिस में शामिल हैं:

- घरेलू उत्पीड़न
- विघात सम्बन्धी अपराध
- यौन अपराध
- बाल पीड़ित और गवाह
- अन्य गंभीर अपराध

हम निम्न में भी मदद करते हैं:

- निकटतम संबंधियों की जो मृत्यु के मामलों में आपराधिक कार्रवाईयों में पड़ सकते हैं, या किसी गंभीर दुर्घटना की जाँच होना हो या गहन जांच हो।
- कमजोर पीड़ित या गवाह।
- अतिरिक्त जरूरतों वाले पीड़ित या गवाह।

उदाहरणस्वरूप, कुछ गावहों को सबूत देने या कोर्ट जाने में सहायता की आवशयक्ता हो सकती

"आप जो सेवा प्रदान कर रहे हैं वह अतिआवश्यक है। इस बारे में सोच के डर लगता है कि आपकी सहायता के बिना हम इसका सामना कैसे करते"

कृपया ध्यान दें

- VIA इस का निर्णय नहीं ले सकता या इस निर्णय को प्रभावित नहीं कर सकता कि किसी अपराध का अभियुक्त कौन है या उन पर किस अपराध का आरोप लगाया जाता है। प्रोक्युरेटर फिस्कल (फिस्कल) यह निर्णय उपलब्ध सबूत के आधार पर करता है और क्या इस पर मुकदमा चलाना जनहित में है।

(जनहित से मतलब है कि फिस्कल मामले के हर एक पहलू को देखेगा - पीड़ित और अपराधी के साथ साथ व्यापक समाज के दृष्टिकोण से भी)।

- अपराध से पीड़ित किसी व्यक्ति के लिए "मामला रफा-दफा करना" संभव नहीं है। यह निर्णय फिस्कल के हाथ में होता है।
- VIA काउंसलिंग या आर्थिक सहायता प्रदान नहीं कर सकता, हालांकि हम आपको दूसरी एजेंसियों से मिला सकते हैं जो संभवतः आपकी मदद कर सकती हैं।